**Tribal Blocks in Orissa**

**2258. Shri Maheshwar Naik:** Will the Minister of **Planning and Social Welfare** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Tribal Blocks that have been carved out in most of the cases have more or less taken no account of the concentration of the Scheduled Tribe people inhabiting the area in Orissa State, particularly in the District of Mayurbhanj; and

(b) if so, the action taken in the matter?

**The Deputy Minister in the Department of Social Welfare (Shrimati Chandrasekhar):** (a) No. During the Third Plan period all the Tribal Development Blocks opened in Orissa, including the one opened in Mayurbhanj District, satisfied the criterion of 66 per cent of tribal concentration, prescribed for the purpose.

During the Fourth Plan period, the criterion of tribal concentration has been relaxed from 66 $\frac{2}{3}$ per cent to 50 per cent. Four Tribal Development Blocks are proposed to be opened in the District of Mayurbhanj during 1966-67 (1st year of the Fourth Plan), satisfying the criterion of 50 per cent. of tribal concentration.

(b) Does not arise.

**दिल्ली के सरकारी अस्पतालों के ड्राइवरों के लिए रेलवे पास**

**2259. श्री शिकरे :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार उन कर्मचारियों को, जिनके घर 300 मील से अधिक दूरी पर हैं, अपने घर जाने के लिए मुफ्त रेलवे पास जारी करती है ;

(ख) यदि हां, तो उन के मंत्रालय के अधीन दिल्ली के अस्पतालों के कितने ड्राइवरों को यह सुविधा प्राप्त है; और

(ग) यदि नहीं, तो उस के क्या कारण हैं ?

**स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री डा० सुशीला नायर ) :** (क) से (ग). कोई रेलवे पास नहीं दिया जाता । वर्तमान नियमों के अनुसार अवकाश यात्रा रियायत सभी ग्रेडों के उन केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को जिन में केन्द्रीय सरकारी अस्पतालों में नियुक्त ड्राइवर भी सम्मिलित हैं, दो वर्ष में एक बार दी जाती है जिनका घर 400 किलोमीटर (ग्रेड iv के कर्मचारियों के मामले म 160 किलोमीटर ) से दूर हों ।

प्रश्न के भाग (ख) से सम्बन्धित सूचना एकत्र की जा रही है ।

**सुपर बाजारों के लिए इमारतें**

**2260. श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री प्र० चं० बरुआ :**
**श्री भागवत झा आजाद :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**डा० म० मो० दास :**
**श्री सुबोध हंसदा :**

क्या **निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में तथा केन्द्र द्वारा प्रशासित अन्य क्षेत्रों में सुपर बाजार अथवा सहकारी भण्डार खोलने के लिए सहकारी संस्थाओं तथा अन्य संस्थाओं को कितनी इमारतें दी गई हैं;

(ख) क्या सरकार उनका कोई किराया वसूल करती है और यदि हां, तो किस दर पर